समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं । पूर्व सन्दर्भ यदि हो तो, देना आवश्यक हैं अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

✆ : 2529540-2527532
✉ :registrar.davv@mp.gov.in
तार : यूनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731-252954

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर–452001

**क्रमांक :** सं.वि.क. / माटीगणेश–सिद्ध गणेश / 2025–26 / 506

दिनांक : 25/08/2025

**प्रति,**
**विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/अधिकारी**
**समस्त अध्ययनशालाएं/केन्द्र/संस्थान/विभाग,**
**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,**
**इंदौर**

विषयः **''माटी गणेश–सिद्ध गणेश'' अभियान में माटी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण हेतु विद्यार्थियों में प्रोत्साहन एवं प्रचार–प्रसार हेतु।**
संदर्भः कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, भोपाल का पत्र क्र. 2880 / 876 / आउशि / अकादमी / 2025 भोपाल दिनांक 21 / 08 / 2025।
महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयांतर्गत **संलग्न संदर्भित पत्र में प्रदत्त विस्तृत निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यशाला** आयोजित की जाकर **विद्यार्थियों के माध्यम से परिवारजनों में प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर माटी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण व स्थापना का संदेश को विभिन्न माध्यमों से प्रसारित कर,** जन जागरूकता का विस्तार सुनिश्चित कर प्रकृति के संरक्षण के भाव को प्रत्येक विद्यार्थी के घर–घर पहुंचाये जाने का प्रयास किये जाने का अनुरोध है।

संलग्नः **उपरोक्तानुसार**

माननीय कुलगुरू के आदेशानुसार,

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–**
पृ. क्रः सं.वि.क. / माटीगणेश–सिद्ध गणेश / 2025–26 / 506

दिनांक : 25/08/2025

1. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, इंदौर संभाग इंदौर की ओर उक्त संदर्भित आदेश के पालनार्थ सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने बाबत।
2. माननीय कुलगुरूजी / कुलसचिवजी के सचिव / निज सहायक की ओर सूचनार्थ।
3. **समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की ओर प्रस्तुत कर राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाईयों से समन्वय स्थापित कर उक्त आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियो / शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने बाबत।**
5. आय.टी. सेंटर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड़, इंदौर की ओर प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर सर्वसंबंधितो के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने बाबत।

अधिष्ठाता,
विद्यार्थी कल्याण

## कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन
## सतपुड़ा भवन, भोपाल 462004

क्रमांक 2880/ 676/आउशि/अकादमी /2025,  भोपाल दिनांक: 21 /08/2025

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त सार्वजनिक/निजी विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश
2. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश

870
25/08/2025

विषयः-मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित **"माटी गणेश-सिद्ध गणेश"** अभियान में माटी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण हेतु विद्यार्थियों में प्रोत्साहन एवं प्रचार-प्रसार हेतु।

संदर्भः- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद- योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र.शासन की टीप क्रमांक 51/म.प्र.ज.अ.प./प्रशा./25, दिनांक 21.08.2025.

-0-

विषयांतर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केन्द्रित **"माटी गणेश-सिद्ध गणेश"** अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद को नोडल संस्था बनाया गया है।

कृपया **गणेश उत्सव** के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता की दृष्टि से संपूर्ण प्रदेश में **माटी गणेश** के सृजन हेतु दिनांक 20 अगस्त, 2025 से 26 अगस्त, 2025 तक समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं, जिसमें स्थानीय मूर्तिकारों, कलाकारों के साथ छात्र- छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जावे।

अभियान में सहभागिता करने वाले छात्र- छात्राओं को MyGov पोर्टल पर सहभागिता एवं शपथ का ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

अतः कृपया उक्त अभियान में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर **"माटी गणेश-सिद्ध गणेश"** कार्यक्रम आयोजित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु प्रोत्साहित करें। **"माटी गणेश-सिद्ध गणेश"** अभियान के संबंध में दिशा- निर्देश संलग्न हैं।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार.

" आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित "

( डॉ.दिवा मिश्रा )
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ.क्र. 2881 /876 /आउशि/अकादमी /2025, भोपाल दिनांकः 21/08/2025

प्रतिलिपि

1- स्टाफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश।

2- निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र., भोपाल।

3- निज सहायक, कार्यपालक निदेशक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, भोपाल।

4- समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

# “माटी गणेश-सिद्ध गणेश” अभियान
## दिशा- निर्देश

1. म.प्र. जन अभियान द्वारा व्यापक स्तर पर गणेश उत्सव के अवसर पर “माटी गणेश-सिद्ध गणेश” अभियान दिनांक 04 अगस्त 2025 से प्रारंभ किया गया है।
2. इस अभियान में अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में माटी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जाने को प्रोत्साहित करें ।
3. विद्यार्थीयों के माध्यम से परिवारजनों में प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर माटी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण स्थापना का संदेश दे।
4. अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर परिषद के “माटी गणेश-सिद्ध गणेश” अभियान का पोस्टर (संलग्न) लगाने हेतु निर्देश ।
5. विद्यार्थियों को परिषद द्वारा आयोजित प्रशिक्षण-सह-कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें। अभियान की विस्तृत जानकारी और सहभागिता के लिए परिषद के विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।
6. सोशल मीडिया के माध्यम से विद्यार्थियों के समूह में “माटी गणेश-सिद्ध गणेश” के लाभों को साझा करना।
7. विद्यार्थियों को माटी गणेश बनाते हुए लिए गए छायाचित्रों को सोशल मीडिया में पोस्ट करने हेतु प्रेरित करें।
8. मिट्टी के गणेश बनाने वाले कारीगरों से ही प्रतिमाऐं खरीदकर वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के भाव को संपोषित करें।
9. घर में ही माटी गणेश के विसर्जन को प्राथमिकता दें।
10. माटी गणेश के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण के भाव को घर-घर पहुंचाऐ।
11. सेल्फी विथ माटी गणेश लेकर सोशल मीडिया में अपलोड करें।
12. My Gov मेरी सरकार पोर्टल पर डिजीटल शपथ लेकर ई-प्रमाण पत्र प्राप्त करें।